प्रथम अध्यक्षता में प्रथम सलाहकार
अध्यक्ष हेनरी बी. आइरिंग द्वारा

परमेश्वर द्वारा नियुक्त और लोगों द्वारा प्रमाणित

गिरजे के सदस्य के रूप में, हमें अक्सर लोगों को सेवा करने की नियुक्तियों में सर्मथन देने के लिए निमंत्रण दिया जाता है । सालों पहले एक 18 साल के विद्यार्थी ने मुझे दिखाया कि प्रभु के सेवकों का सर्मथन करने का क्या अर्थ होता है । मैं अभी तक उसके विनम्र उदाहरण से आशीषित हूं ।

उसने कॉलेज में अपना पहला साल शुरू ही किया था । एक बड़े विश्वविद्यालय में अपना अध्ययन शुरू करने से एक साल के पूरा होने से कुछ समय पहले उसने बपतिस्मा लिया था । वहां पर मैंने धर्माध्याक्ष के रूप में सेवा की थी ।

जैसे विद्यालय का साल शुरू हुआ था, मैं उसके साथ धर्माध्यक्ष के कार्यालय में एक संक्षिप्त साक्षात्कार किया था । शुरू की बातचीत के बारे में मुझे बहुत कम याद है सिवाय इसके कि उसने नई जगह में अपनी चुनौतियों के विषय में बात की थी, परन्तु दूसरी हमारी बातचीत को मैं कभी नहीं भूलूंगा ।

मैंने उसे मेरे कार्यालय में मिलने को कहा था । मैं आश्चर्यचकित था जब उसने कहा, ''क्या हम मिलकर प्रार्थना करें, और क्या मैं प्रार्थना बोलूं ?'' मैं उससे कहने ही वाला था कि मैंने प्रार्थना कर ली थी और सोचता था कि उसने भी कर ली होगी । फिर भी मैं सहमत हो गया था ।

उसने अपनी प्रार्थना की शुरुआत गवाही के साथ की थी कि वह जानता था कि धर्माध्यक्ष की नियुक्ति परमेश्वर की ओर से की गई थी । उसने परमेश्वर से कहा कि मुझे महान आत्मिक परिणामों के विषय में क्या करना चाहिए । उस युवा ने परमेश्वर से कहा वह निश्चित था कि धर्माध्यक्ष उसकी जरूरतों को पहले से जानता है और उसे वह सलाह देगा जो उसके लिए सुनना आवश्यक था ।

जब वह बोल रहा था, मेरे मन में कुछ विशेष खतरे आए जिनका वह सामना कर सकता था । सलाह सरल थी लेकिन अधिक स्पष्टता से दी गई थी : हमेशा प्रार्थना करना, आज्ञाओं का पालन करना, और भयभीत न होना ।

वह युवा जिसे गिरजे में एक साल हुआ था, उदाहरण के द्वारा सीखाया कि परमेश्वर उस मार्गदर्शक के साथ क्या कर सकता है जिसे विश्वास और प्रार्थनाओं द्वारा उनका सर्मथन मिलता है जिनका मार्गदर्शन करने के लिए उसे नियुक्त किया गया है । उस युवा ने गिरजे में समान मत के नियम की शक्ति का प्रदर्शन किया था (देखें सिऔरअनु 26:2) । यद्यपि प्रभु अपने सेवकों की नियुक्ति प्रकटीकरण द्वारा करता है, लेकिन वह तभी कार्य करना शुरू करते हैं जब उसे उनका सर्मथन मिल जाता है जिनकी सेवा करने के लिए उसकी नियुक्ति की गई है ।

हमारे सर्मथन मतदान द्वारा, औपचारिक प्रतिज्ञाएं बनाते हैं । हम प्रभु के सेवकों के लिए प्रार्थना करने और कि वह उनका मार्गदर्शन करेगा और मजबूती देगा (देखें सिऔरअनु 93:51) । हम प्रतिज्ञा करते हैं कि हम उनकी सलाह में और जब भी वे अपनी नियुक्ति में कार्य करते है, की जांच करने और परमेश्वर से प्रेरणा महसूस करने की आशा करेंगे (देखें सिऔरअनु 1:38) ।

उस प्रतिज्ञा का हमारे हृदयों में निंरतर नवीकरण किया जाता है । आपका रविवार विद्यालय शिक्षक आत्मा के द्वारा पढ़ाने का प्रयास करता है, लेकिन जैसा कि आप स्वयं करते हैं, आपका शिक्षक भी कक्षा के समक्ष गलतियां कर सकता है । आपको, फिर भी, सुनने का निश्चय करना और उन क्षणों को देखना चाहिए जब आपको प्रेरणा मिलती है । अंतत : आप कम गलतियां और अधिक प्रमाण

देखेंगे कि परमेश्वर उस शिक्षक की मदद कर रहा है ।

जब किसी व्यक्ति का सर्मथन करने के लिए हाथ उठाते हैं, हम उस काम को पूरा करने का निश्चय करते हैं जिसके लिए प्रभु ने उस व्यक्ति की नियुक्ति की है । जब हमारे बच्चे छोटे थे, मेरी पत्नी को छोटे बच्चों को सीखाने के लिए हमारे वार्ड में नियुक्त किया गया था । तब न केवल मैंने उसका सर्मथन करने के लिए हाथ उठाया था, परन्तु उसकी मदद करने के लिए प्रार्थना और उसकी मदद करने की अनुमत्ति भी मांगी थी । जो पाठ मैनें उसकी प्रशंसा में प्राप्त किया था जिसे स्त्रियां करती हैं और प्रभु का प्रेम बच्चों के लिए अभी तक मेरे परिवार और मेरे जीवन की आशीषित करते हैं ।

मैंने हाल ही में उस युवक से बात की थी जिसने सालों पहले अपने धर्माध्यक्ष का सर्मथन किया था । मैंने सीखा था कि प्रभु और लोगों ने प्रचारक के रूप में, स्टेक अध्यक्ष के रूप में, और पिता के रूप में उसकी नियुक्ति का सर्मथन किया था । उसने हमारी बातचीत के अंत में कहा था, ''मैं अभी भी आपके लिए प्रतिदिन प्रार्थना करता हूं ।''

हम उनके लिए प्रार्थना करने का निश्चय कर सकते हैं जिन्हें परमेश्वर ने हमारी सेवा करने के लिए नियुक्त किया है । हम उस किसी का धन्यवाद कर सकते हैं जिसने अपनी सेवा से हमें आशीषित किया है । हम आगे बढ़कर मदद कर सकते हैं जब वह जिसका हमने सर्मथन किया है मदद के लिए कहता है ।[1]

जो प्रभु के सेवकों को उसके राज्य में मदद करता है वह उसकी परिपूर्ण शक्ति द्वारा सर्मथन पाएगा । हम सभी को उस आशीष की जरूरत है ।

विवरण

1. देखें *Teachings of Presidents of the Church: Joseph F. Smith* (1998), 211–12 ।

इस संदेश से शिक्षा

इस संदेश को बांटने के बाद, निम्नलिखित उद्धरण को पढ़ने पर विचार करें : ''प्रभु आपको अपने हाथों का औजार बनाएगा यदि आप विनम्र, विश्वासी, और परिश्रमी हैं । ... आपको अतिरिक्त शक्ति मिलती है जब आप कलीसिया का सर्मथन पाते हैं और आपको आशीषित किया जाता है'' (*Teaching, No Greater Call* [1999], 20) । परिवार को किसी भारी वस्तु के चारों ओर एकत्रित होने दें और एक व्यक्ति को उसे उठाने के लिए कहें । हर बार एक व्यक्ति को उसके साथ जोड़ते हुए परिवार के सदस्यों को उसकी मदद करने के लिए कहें । चर्चा करें क्या होता है जब हर कोई मदद करता है । अध्यक्ष आएरिंग की सलाह के व्यवहारिक तरीकों पर जोर डालने पर विचार करें जिनसे हम दूसरों की नियुक्तियों में सर्मथन कर सकते हैं ।

युवा

मेरी रविवार विद्यालय शिक्षिका को धन्यवाद

नाम गुप्त रखा गया है

मेरी रविवार विद्यालय कक्षा हमेशा श्रदालु नहीं होती थी । मुझे प्रत्येक सप्ताह पाठ को सुनना अच्छा लगता था, लेकिन कभी-कभी ऐसा लगता था कि अन्य लोगों को अच्छा नहीं लगता था । वे अक्सर उपकरण पर खेल खेलते रहते या एक दूसरे से बातें करते रहते थे, जबकि हमारी शिक्षिका हमें सीखाने का प्रयास करती रहती थी । दुख है, कभी-कभी मैं भी उनके साथ शामिल हो जाता था ।

एक सप्ताह हमने बहुत गलत किया, और कक्षा के अंत में, हमारी शिक्षिका आंसु निकालकर रोने लगी क्योंकि कोई भी उन्हें सुन नहीं रहा था । जब हम कक्षा से बाहर निकल रहे थे मुझे उसके बुरा लगा था ।

अगले रविवार को हमारी शिक्षिका ने समझाया कि उसने सप्ताह के दौरान मार्गदर्शन पाने के लिए बहुत प्रार्थना की थी और उसे महसूस हुआ कि उसे हमें गिरजे की फिल्म दिखानी चाहिए । उसने फिल्म शुरू की, जो कि यीशु मसीह के जीवन और उसके द्वारा किए गए चमत्कारों के बारे में थी ।

उस शाम मैंने फिल्म के विषय में विचार किया, मुझे कुछ अलग सा लगा । अचानक मुझे महसूस हुआ कि मैं आत्मा को महसूस कर रही थी, ऐसा मैंने पहले कभी महसूस नहीं किया था । तुरंत मैंने निश्चय किया कि मुझे उद्धारकर्ता के समान बनने के लिए अपने जीवन में बदलाव करने की जरूरत है, और मैंने महसूस किया उस दिन रविवार विद्यालय में मेरी गवाही को बहुत अधिक मजबूती मिली थी । मैं अपने रविवार विद्यालय की शिक्षिका की और प्रत्येक सप्ताह जो वह हमारे लिए करती है उसकी बहुत आभारी हूं ।

© 2012 Intellectual Reserve, Inc. द्वारा सर्वाधिकार सुरक्षित । भारत में छपी । अंग्रेजी अनुमति : 6/11 । अनुवाद अनुमति : 6/11 । *First Presidency Message, June 2012* का अनुवाद । Hindi । 10366 294

भेंट करने वाली शिक्षा, एक पवित्र कार्यभार

प्रार्थनापूर्वक इस सामाग्री को पढ़ें और, जैसा उचित हो, उन बहनों के साथ इसकी चर्चा करें जिन से आप भेंट करती हैं । अपनी बहनों को मजबूत करने और सहायता संस्था को अपने जीवन का सक्रिय हिस्सा बनाने में मदद के लिए प्रश्नों का प्रयोग करें ।

विश्वास, परिवार, सहायता

भेंट करने वाली शिक्षिकाओं के रूप में, हमें एक महत्वपूर्ण आत्मिक मिशन पूरा करना है । ''धर्माध्यक्ष, जोकि वार्ड के नियुक्त चारवाह हैं, उनके लिए एकसाथ प्रभु की सभी भेंड़ों की देखभाल करना संभव नहीं है । वह प्रेरित भेंट करने वाली शिक्षाओं पर निर्भर रहते हैं ।''[1] प्रत्येक बहन की देखभाल करने के लिए किसी को नियुक्त करने के लिए प्रकटीकरण को खोजना और पाना आवश्यक होता है ।

प्रेरणा उस समय शुरू होती हैं जब सहायता संस्था की अध्यक्षता प्रार्थनापूर्वक व्यक्तियों और परिवारों की जरूरतों के विषय में चर्चा करती हैं । फिर, धर्माध्यक्ष की अनुमत्ति से, सहायता संस्था की अध्यक्षता उस तरह से मदद करती हैं जो बहनों की समझने में मदद करता है कि भेंट करने की शिक्षा देना महत्वपूर्ण आत्मिक जिम्मेदारी है ।[2]

भेंट करने वाली शिक्षिकाओं को सचमुच में प्रत्येक बहन के विश्वास को मजबूती देने और जरूरत के समय सेवा करने के लिए उससे प्रेम करना और उसे जानना चाहिए । प्रत्येक बहन जिन से वह मिलती हैं उसकी आत्मिक और शारीरिक जरूरत को पूरा करने के लिए उन्हें व्यक्तिगत प्रेरणा को पाना चाहिए ।[3]

''भेंट करने वाली शिक्षा प्रभु का कार्य बन जाती है जब हमारा ध्यान प्रतिशत के स्थान पर लोगों पर होता है । वास्तव में, भेंट करने वाली शिक्षा कभी समाप्त नहीं होती है । कार्य से अधिक जीने का एक तरीका है ।''[4]

धर्मशास्त्रों से

मती 22:36–40; यूहन्ना 13:34–35; अलमा 37:6–7

हमारे इतिहास से

सहायता संस्था में द्वितीय जनरल अध्यक्षा, एलिजा आर. स्नो, ने सीखाया था, ''मैं सोचती हूं शिक्षिका का पद उच्च और पवित्र पद है ।'' उन्होंने भेंट करने वाली शिक्षकाओं को किसी के घर जाने से पहले ''परमेश्वर की आत्मा, बुद्धि, विनम्रता, प्रेम से भरे रहने'' की सलाह दी थी ताकि वे आत्मिक जरूरतों के साथ साथ शारीरिक जरूरतों को निश्चित और पूरा कर सकें । उन्होंने कहा था, ''आपको शांति और दिलासा के शब्द बोलने, और यदि किसी बहन को ठंडा महसूस करते होती हैं तो उसे अपने गले लगाएं जैसे आप किसी बच्चे को छाती से लगा कर उसे गर्माहट देती हो ।''[5]

जैसे हम विश्वास के साथ आगे बढ़ती हैं जैसा पहले की सहायता संस्था की बहनों ने किया था, हम अपने साथ पवित्र आत्मा को पाएंगे और जिस बहन से हम भेंट करते हैं उसकी मदद करने की प्रेरणा प्राप्त करेंगी । ''आओ हम शक्ति की जगह बुद्धि पाने का प्रयास करें,'' बहन स्नो ने कहा था, ''और हमें बुद्धि से काम करने की शक्ति मिलेगी ।''[6]

विवरण

1. Julie B. Beck, "Relief Society: A Sacred Work," *Liahona,* नवं. 2009, 114 ।
2. देखें *Handbook 2: Administering the Church* (2010), 9.5; 9.5.2 ।
3. देखें *Handbook 2,* 9.5.1 ।
4. Julie B. Beck, *Liahona,* नवं. 2009, 114 ।
5. Eliza R. Snow, *Daughters in My Kingdom: The History and Work of Relief Society* (2011), 108 में ।
6. Eliza R. Snow, *Daughters in My Kingdom,* 45–46 में ।

मैं क्या कर सकती हूं ?

1. भेंट करने वाली शिक्षिका के रूप में अपने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए अपनी योग्यता को सुधारने के लिए मैं क्या कर सकती हूं ?

2. भेंट करने वाली शिक्षिका के रूप में, मैं दूसरी बहनों को भेंट करने वाली शिक्षिका के रूप में उनकी जिम्मेदारी को पूरा करने में कैसे मदद कर सकती हूं ?

अधिकर जानकारी के लिए reliefsociety.lds.org पर जाएं ।

© 2012 Intellectual Reserve, Inc. द्वारा सर्वाधिकार सुरक्षित । भारत में छपी । अंग्रेजी अनुमतिः 6/11 । अनुवाद अनुमतिः 6/11 । *Visiting Teaching Message, June 2012* का अनुवाद । Hindi । 10366 294